अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ

एन.एस.एस. पौधारोपण शिविर

दिनांक 14.08.2019 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में पौधारोपण शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी ने पौधा लगाकर इसका शुभारंभ किया। उन्होने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित और स्वच्छ रखना हमारा नैतिक दायित्व बनता है। हमें अगर अपने पर्यावरण को बचाना है तो प्रत्येक को अपने घर और आसपास अधिक से अधिक मात्रा में पौधे रोपित करने चाहिए और उनकी नियमित देखभाल भी करनी चाहिए। हमारा पर्यावरण हमें प्रकृति से मिली अमूल्य धरोहर है। इसकी रक्षा का हमें प्रण लेना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी डॉ. अशोक निराला, श्रीमती रितु ने भी पौधारोपण किया। अन्त में इस अवसर 200 से ज्यादा पौधे स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं को विभिन्न स्थानों पर लगाने के लिए वितरित किए गए। इस अवसर पर यूथ रेड क्रॉस क्लब के अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह व श्री मनमोहन सिंगला उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित स्वयंसेवकों ने इस शिविर का उद्देश्य ‘‘वृक्षारोपण कीजिए जलवायु को बचाइये’’ नारे से व्यक्त किया।